अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में चल रहे रेड क्रॉस शिविर के दूसरे दिन पढ़ाया मानवता का पाठ

इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी , हरियाणा स्टेट ब्रांच , चंडीगढ़ के सौजन्य से अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में पांच दिवसीय जिला स्तरीय यूथ रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर चल रहा है । गौरतलब है कि यह शिविर 22 से 26 अप्रैल,2025 तक चलेगा। शिविर के आयोजन का श्रेयअग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान एवं अग्रवाल कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता व महासचिव एडवोकेट श्री दिनेश कुमार गुप्ता जी को जाता है। कॉलेज के विद्यार्थियों में सामाजिक कल्याण , समाज सेवा के भाव एवं नैतिक मूल्यों को विकसित करने के उद्देश्य से अनेकानेक कैंप आयोजित किए जाते हैं। शिविर के दूसरे दिन आजप्रथम सत्र के मुख्य वक्ता जिला प्रशिक्षण अधिकारी श्री इशांक कौशिक जी ने रेड क्रॉस के इतिहास के बारे में सभी को बताया कि कैसे प्रथम विश्व के दौरान युद्ध में घायलों की मदद के लिए सर जीन हेनरी ड्यूनांट ने रेड क्रॉस का गठन किया ,उन्होंने प्रोफेशनल फर्स्ट एड ट्रेनिंग से रोजगार के अवसरों की विस्तृत जानकारी दी व आपदा प्रबंधन के नियमों के बारे में भी स्वयंसेवकों को बताया । वहीं आजीवन रेड क्रॉस के सदस्य व फर्स्ट एड ट्रेनर श्री दर्शन भाटिया जी ने संतुलित आहार , पट्टी बांधने के तरीकों से स्वयंसेवकों को अवगत कराया व रक्त के अवयवों की विस्तृत जानकारी भी दी और बताया कि आज के युवा किस तरह से फास्ट फूड का सेवन करके अपने स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है और हम मौसम के फल, सब्जियां व सलाद खाकर अपने आपको स्वास्थ्य रख सकते हैं । इस पांच दिवसीय शिविर में रक्तदान, प्राथमिक चिकित्सा, स्वच्छता ,आपदा प्रबंधन, टीबी, एड्स, सड़क सुरक्षा व नशामुक्ति जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी । इस शिविर में फरीदाबाद जिले के कॉलेजों के लगभग 50 स्वयंसेवक व काउंसलर भाग ले रहे हैं । कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य , इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष व रेड क्रॉस के पूर्व कोऑर्डिनेटर डॉ० जयपाल सिंह जी ने शिविर का औपचारिक निरीक्षण किया व स्वयंसेवकों को अनुशासन में रहते हुए अधिक से अधिक ज्ञान अर्जित करने की सलाह भी दी। इस अवसर पर कैंप कोऑर्डिनेटर श्रीमती पूजा, श्री सुभाष,श्री लवकेश व अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन की वाईआरसी काउंसलर श्रीमती कविता अहलावत आदि उपस्थित रहे।